Bareilly, Sunday
11 January 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.00/-
Pages 16

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 TOP

# बीटेक और एमबीए के 13 छात्रों का कैंपस सिलेक्शन



सिलेक्ट हुए स्टूडेंट्स के साथ टीचर और गेस्ट.

**BAREILLY (10 Jan):** एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी के ट्रेनिंग डेवलपमेंट प्लेसमेंट विभाग में बोगी एजुकेशन की ओर से बीटेक और एमबीए 2026 बैच के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया. प्रधानाचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता, ट्रेनिंग डेवलवमेंट एंड प्लेसमेंट के निदेशक डा. अनुज कुमार ने कंपनी से आए प्रतिनिधि का स्वागत किया. चयन प्रक्रिया का प्रारंभ कंपनी प्रजेंटेशन के साथ हुआ. इसमें अभ्यर्थियों को कंपनी के बारे में बताया गया. पूरी प्रक्रिया को स्टूडेंट्स को समझाया गया. बीटेक और एमबीए के विद्यार्थियों का ग्रुप डिस्कशन हुआ. अंत में 13 विद्यार्थियों का चयन हुआ. इस दौरान शाइस्ता कमर जैदी, रिया मेरी रेजी, राहुल सक्सेना का योगदान रहा.